उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

संख्या : ओ.यू./ 376 /2024 दिनाँक 20–06–2024

सूचना

एतद्द्वारा मा. कुलपति जी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के समस्त निदेशकों /अधिकारियों/शिक्षकों /प्रभारियों/परामर्शदाताओं/कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि दिनाँक 21–06–2024 को **"अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस"** के अवसर पर विश्वविद्यालय के यमुना परिसर स्थित **त्रिवेणी सामुदायिक केन्द्र** पर योग का कार्यक्रम प्रातः 8:00 से 9:00 बजे तक आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, माननीय महापौर, प्रयागराज होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मा. कुलपति प्रो. सत्यकाम जी करेंगे।

अतः कृपया तद्नुसार उक्त कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। साथ ही इस पुनीत अवसर पर अपने परिवार जनों तथा शुभेच्छुओं की प्रतिभागिता भी सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

(विनय कुमार)
कुलसचिव

पृ.संख्या : ओ.यू./376(1)/2024 तद्दिनाँक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विश्वविद्यालय के समस्त निदेशकों/अधिकारियों/प्रभारियों को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने विद्याशाखा/विभाग/अनुभाग/प्रकोष्ठ से सम्बन्धित शिक्षकों/परामर्शदाताओं/कर्मचारियों को उक्त सूचना के सम्बन्ध में अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।
2. प्रभारी, आई.सी.टी. को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त कार्यक्रम की सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट में अपलोड कराने का कष्ट करें।
3. वित्त अधिकारी, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
4. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

(विनय कुमार)
कुलसचिव